सार-समाचार

हमला के मामले में आठ गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। सदर थाना पुलिस ने आसेला गांव में एक युवक और उसके दो भाइयों पर जानलेवा हमला करने के मामले में सोमवार को 8 हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है। रास्ते के विवाद को लेकर आरोपियों ने लाठियों और पत्थरों से तीन भाइयों पर हमला कर घायल कर दिया था। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। सदर थानाधिकारी ने बताया कि आसेला रोत फला निवासी लेम्बाराम पुत्र धुला रोत ने 12 मार्च को मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में पीडित लेम्बाराम ने बताया था कि 11 मार्च की शाम को वह अपने घर की ओर जा रहा था। इस दौरान आसेला रोत फला निवासी कन्हैयालाल पुत्र भाणा रोत, दिनेश पुत्र खेमराज, महेश पुत्र भाणा, किशोर पुत्र हुरमा, खेमराज पुत्र लालजी, हुरमा पुत्र लालजी, भाणा पुत्र लालजी और शंकर पुत्र हुरमा रोत ने रास्ते के विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी।पीडित ने गाली गलौज के लिए मना किया तो आरोपियों ने उसके साथ लट्ठ और पत्थरों से हमला कर दिया। वहीं, बीच.बचाव के लिए आए पीडित लेम्बाराम के भाई गंगाराम और शंकरलाल के साथ भी हमला कर दिया। इससे लेम्बाराम और उसका भाई गंगाराम घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया था। थानाधिकारी मदनलाल ने बताया कि पीडित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। वहीं, छानबीन के दौरान पुलिस ने आसेला रोत फला निवासी कन्हैयालाल पुत्र भाणा रोत, दिनेश पुत्र खेमराज, महेश पुत्र भाणा, किशोर पुत्र हुरमा, खेमराज पुत्र लालजी, हुरमा पुत्र लालजी, भाणा पुत्र लालजी व शंकर पुत्र हुरमा रोत को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

होली स्नेह मिलन समारोह मनाया

भीम, (निसं)। राजस्थान रावत राजपूत महासभा के तत्वावधान में शाखा सभा बड़ौदा द्वारा होली स्नेह मिलन समारोहआयोजित हुआ। शाखा सभा अध्यक्ष विजय सिंह भाटी की अध्यक्षता और मुख्य अतिथि महासभा प्रदेशाध्यक्ष नाथू सिंह चौहान एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक हरि सिंह रावत प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण सिंह प्रदेश महामंत्री उप प्रधान नारायण सिंह रायपुर प्रधान कमला चौहान, सेंदड़ा सरपंच रतन सिंह भाटी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।शाखा सभा द्वारा महासभा के पदाधिकारियों का साफा माला , ढोल और गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। समारोह में राजस्थानी संस्कृति से सराबोर गैर नृत्य मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। सम्पूर्ण बड़ोदरा शहर रंगोत्सव के रंग में राजस्थानी परम्परागत गैर नृत्य को देखकर खुशी से झूम उठा। राजपूती वेशभूषा से सज्जित महिलाओं की उपस्थिति ने राजस्थान की संस्कृति का परिचय दिया। महासभा प्रदेशाध्यक्ष नाथू सिंह चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को संवर्धित करने हेतु ऐसे आयोजन करना अतिआवश्यक है जिससे आने वाली पीढ़ियां इन मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करके समाज की ऐसी परम्पराओं को जीवित रख सके । साथ ही कहा कि समाज की दिशा और दशा बदलने के लिए समाज के हर स्तर के समाजसेवियों की महती भूमिका आवश्यक है। प्रदेश महामंत्री नारायणसिंह बग्गड़ ने कहा कि राजस्थान के पारंपरिक गैर नृत्य के शानदार प्रदर्शन के लिए आयोजको की प्रशंसा करने के लिए मेरा शब्द कोष भी कम है । बड़ौदा शाखा सभा वरिष्ठ महामंत्री नटवर सिंह उदावत ने कहा कि समाज सेवा करना मेरा जीवन का उद्देश्य है और समाज के विकास के लिए मैं तन मन और धन से हर समय तैयार हूं । कार्यक्रम में उप महासभा अहमदाबाद , पालनपुर , मुम्बई , गांधीनगर ,सूरत ,दमण ,राजकोट , बैंगलोर , हैदराबाद ,चैन्नई ,गांधीधाम , कुंभलगढ़ , जामनगर के अध्यक्ष और समाज के वरिष्ठ प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे ।

सांवलिया सेठ का भंडार खोला

मंडफिया, (निसं)। मेवाड़ अंचल के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार का भंडार चतुर्दशी सोमवार को मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरू लाल गुर्जर एवं बोर्ड सदस्यों की उपस्थिति में खोला गया। यह भंडार इस बार 13 दिन में खोला गया क्योंकि परंपरा के अनुसार गत होली पूर्णिमा पर 45 दिन में यह भंडार खोला गया था। मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरू लाल गुर्जर ने बताया कि भंडार से 03 करोड़ 09 लाख 26 हजार 100 रुपए नगद प्राप्त हुए। अध्यक्ष गुर्जर ने बताया कि भंडार से 64 ठाम 400 मिलीठाम सोना एवं 1 किलो 990 ठाम चांदी प्राप्त हुई। अध्यक्ष गुर्जर ने बताया कि विभिन्न भक्तों ने विभिन्न स्थानों से मनी ऑर्डर भेजकर व ऑनलाइन द्वारा एवं मंदिर कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर 50 लाख 57 हजार 158 रुपए एवं 168 ठाम 800 मिलीठाम सोना व 11 किलो 881 ठाम चांदी भेंट जमा करवाई। भंडार गिनती के समय मंदिर बोर्ड सदस्य भेरूलाल सोनी, अशोक शर्मा, ममतेश शर्मा, संजय कुमार मंडोवरा, भादसोड़ा सरपंच एवं मंदिर बोर्ड सदस्य शंभू लाल सुथार, भदेसर तहसीलदार गुणवंत लाल माली, मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, संपदा प्रभारी कालू लाल तेली, लेहरी लाल गाडरी, कांठोस युवा नेता सुरेश चंद्र गुर्जर सहित मंदिर एवं बैंक कर्मचारी उपस्थित थे।

ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। बीते रात कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक कार से ब्राउन शुगर के साथ एक आरोपी गिरफ्तार किया। थानाधिकारी ने बताया कि मुखबीर सूचना शहर के तिजवड मोड पर नाकाबंदी के एक दौरान एक सफेद रंग की कार आती हुई दिखी, जिसे रोककर कार चालक सुनिल पिता जयंतिलाल कटारा की पेंट की तलाशी लेने पर 26 ग्राम ब्राउन शुगर मिली। जिसे एनडीपीसी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर आरोपी मय कार ब्राउन शुगर जब्त कर अग्रिम अनुसंधा जारी हैं पुलिस के अनुसार जब्त की गई ब्राउन शुगर की बाजार किमत दो लाख रूपये आंकी गई।

भण्डार से भेंट राशि निकाली

कपासन, (निसं)। शनि महाराज श्रद्धा पात्रों से 13 लाख 60 हजार 771 रूपये की भेंट राशि निकलीं कपासन। मेवाड़ के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल शनिधाम श्री शनि महाराज आली के कार्यकरिणी केमटी के सचिव कालू सिंह ने बताया अध्यक्ष छगन लाल गुर्जर उपाध्यक्ष सत्यनारायण लाल जाट नरेंद्र पाल सिंह संरक्षक गोपाल शर्मा मौजूद रहे सोमवार सुबह मुख्य मंदिर नवठाह मंदिर तेल कुण्ड के खोल गए श्रद्धा पात्रों विधि विधान पूजा अर्चना करके खुले गए दानपात्र से 13 लाख 60 हजार 771 रूपये भण्डार से भेंट राशि निकलीं शेष चिल्लर गिनती बाकी है सदस्य मौजूद रहे गोपाल सुथार रतन सुथार भगवान गाडरी भैरू गाडरी देवी सिंह चारण संजय जोशी गोर्धन सिंह कमेटी के सभी कर्मचारी मौजूद रहे है।

द्वितीय जी 20 सतत वित्त कार्य समूह की बैठक आज से

उदयपुर, (कासं)।भारत के जी-20 की अध्यक्षता के तहत द्वितीय जी 20 सतत वित्त कार्य समूह (एसएफडब्ल्यूजी) की बैठक 21 से 23 मार्च तक होटल रेडिसन ब्लू मंगलवार से आरंभ होगी। तीन दिवसीय बैठक के दौरान विभिन्न देशों के 90 से अधिक प्रतिनिधि जो जी 20 के सदस्य हैं और साथ ही जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ-साथ अध्यक्ष के रूप में भारत द्वारा आमंत्रित किया गया है, वर्ष 2023 के लिए कार्य योजना और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर विचार-विमर्श करेंगे।

यह जानकारी सोमवार को यहाँ होटल रैडिसन ब्लू में आयोजित पत्रकारवार्ता में डिपार्टमेंट ऑफ इकोनोमिक अफेयर्स की सलाहकार गीतू जोशी एवं चांदनी रैना ने दी। उन्होंने बताया कि जी 20 सतत वित्त कार्य समूह (एसएफडब्ल्यूजी) की प्रथम बैठक 2-3 फरवरी को गुवाहाटी, असम में आयोजित की गई थी, जहां सदस्यों ने वर्ष 2023 में एसएफडब्ल्यूजी कार्य योजना के लिए व्यापक समर्थन और सहयोग.भाव प्रदर्शित किया। जी-20 सतत वित्त कार्य समूह की द्वितीय बैठक में चर्चाओं को आगे बढाने और तीन चिन्हित प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के संबंध में पिछली बैठकों की प्रमुख बातों अर्थात् जलवायु वित्त के लिए समय पर और पर्याप्त संसाधन जुटाने के लिए तंत्र, सतत विकास लक्ष्यों के लिए वित्त का प्रभावी प्रबंध करने और सतत विकास की दिशा में वित्तपोषण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र की क्षमता के निर्माण पर फिर से विचार करने की संभावना है।उन्होंने बताया कि बैठक से दौरान दो कार्यशालाओं की योजना बनाई गई है सतत निवेश का समर्थन करने के लिए गैर.मूल्य निर्धारण नीति की उपयोगिता पर जी.20 कार्यशाला और सतत विकास लक्ष्यों के लिए प्रभावी वित्त व्यवस्था पर जी.20 कार्यशाला। इन कार्यशालाओं से प्रासंगिक विषयों पर विस्तृत चर्चा और अंतर्दृष्टि के लिए विशेषज्ञों के विचार अनुभव और तकनीकी जानकारी के आदान.प्रदान की सुविधा मिलने की संभावना है। सतत निवेश का समर्थन करने के लिए गैर-मूल्य निर्धारण नीति की उपयोगिता पर जी 20 कार्यशाला मंगलवार को आयोजित होगी।

यह कार्यशाला राष्ट्रीय परिस्थितियों और राष्ट्रीय स्तर पर परिभाषित विकास प्राथमिकताओं पर उचित विचार के साथ कम कार्बन विकास को सक्षम करने में गैर.मूल्य निर्धारण नीति की उपयोगिता की प्रभावशीलता को बेहतर ढंग से समझने पर ध्यान केंद्रित करेगी। दूसरी ओर सतत विकास लक्ष्यों के लिए वित्त व्यवस्था पर जी 20 कार्यशाला 22 मार्च को आयोजित की जाएगी ताकि जी 20 सदस्यों के बीच बेहतर समझ का निर्माण किया जा सके और सतत विकास लक्ष्यों के लिए अधिकाधिक वित्तपोषण की दिशा में नीति और अन्य सिफारिशों को सुदृढ किया जा सके। यह पहली बार है जब एसएफडब्ल्यूजी जलवायु संबंधी मुद्दों से परे जाकर मुख्य रूप से प्रकृति से संबंधित डेटा और रिपोर्टिंग और सामाजिक प्रभाव निवेश के माध्यम से चुनिंदा सतत विकास लक्ष्यों हेतु अधिकाधिक वित्तपोषण को संभव बनाने के लिए बातचीत कर रहा है। द्वितीय जी 20 सतत वित्त कार्य समूह की प्रस्तावना के रूप में भारत की जी 20 अध्यक्षता के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न जनभागीदारी कार्यक्रम 18 से 23 मार्च के बीच उदयपुर में आयोजित किए जा रहे हैं। इन आयोजनों में एमएसएमई उद्यमियों के लिए टाउनहॉल बैठक, सतत विकास लक्ष्य वित्तपोषण अंतर को पाटने पर संगोष्ठी, आईआईएम उदयपुर में माइक्रोफाइनेंस की भूमिका, ग्रीन फाइनेंस पर सम्मेलन, डिजिटल बैंकिंग शिक्षा कार्यक्रम, साइबर स्वच्छता और साइबर सुरक्षा पर सत्र, जी 20 वित्तीय साक्षरता वॉकथॉन जागरूकता आदि कार्यक्रम शामिल हैं।

अवैध पिस्टल सहित एक गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। सूरजपोल थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान हिस्ट्रीशिटर को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से पिस्टल बरामद की।

जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा केनिर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान सूरजपोल थानाधिकारी दलपतसिंह राठौड के नेतृत्व में गठित उल ने आसूचना के सहयोग से साहिल पुत्र सुन्दर चौहान निवासी नाडाखाड़ा सूरजपोल को नाडाखाडा क्षैत्र से गिरफ्तार कर इसके कब्जे से देशी पिस्टल बरामद की। पूछताछ पर उक्त देशी पिस्टल व मैगजीन को गौतम उर्फ नन्दू निवासी नाडाखाडा से खरीदना बताया। आरोपी के खिलाफ जिले के अलग अलग थानो पर करीब आधा दर्जन से भी अधिक प्रकरण दर्ज होना पाया गया। मुलजिम को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। वहीं शहर के सूरजपोल थाना पुलिस ने अश्लील वीडियों वायरल करने की धमकी देकर विवाहिता के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 11 मार्च 2023 को विवाहिता ने आमिर के खिलाफ अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म करने तथा पांच माह से इंस्टाग्राम पर फजी आईडी बना कर अश्लील फोटो वीडियों वायरल कर परेशान करने की रिपोर्ट दी थी।

छेड़छाड़ का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। ऋषभदेव थाना पुलिस ने पीडिता की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

पीडिता ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि आरोपी पगारा थाना कल्याणपुर निवासी रोशन पुत्र राजेन्द्र त्रिवेदी आए दिन मेरा पिछा करता है तथा मोबाईल पर फोन कर ब्लेकमेल करने की धमकी देता है।

सार-समाचार

कुशलगढ़ को दी सौगात

कुशलगढ़, (निसं)। कुशलगढ़ आज कुशलगढ़ कांग्रेस के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने कुशलगढ़ क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने घोषणा करके सौगात दी जिस पर कांग्रेस कार्यकर्ता में खुशी की लहर छा गई मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कुशलगढ़ रेफरल अस्पताल को उप जिला अस्पताल क्रमोन्नत करने और कुशलगढ़ में रोडवेज डिपो खोलने और छेत्र की छोटी सरवा पंचायत को उप तहसील बनाए जाने और मोकमपुरा कस्बे को रेफरल हॉस्पिटल बनाने की घोषणा पर कांठोस के कार्यकर्ताओं ने कुशलगढ़ पीपली चौराहे पर आतिशबाजी करते हुए विधायक रमिला खड़िया जिंदाबाद अशोक गहलोत जिंदाबाद के नारे लगाते हुए खुशी मनाते हुए मिठाइयां बांटकर उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की। पिपली चौराहे कुशलगढ़ पर ब्लॉक कांठोस अध्यक्ष रजनीकांत पीसीसी सदस्य हंसमुख सेट युवा नेता रोहित खरिया विजय खड़िया सरपंच संघ के अध्यक्ष कैलाश चंद्र बड़वास के सरपंच शंभू लाल कटारा पार्षद पायल पंड्या पार्षद दीपेश पंचाल युवा नेता महेंद्र परमार रमेश तलेसरा मांगू सिंह मॉडल वाकई सरपंच जनप्रतिनिधि और कांठोस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में आतिशबाजी कर अशोक गहलोत जिंदाबाद के नारे लगाते हुए खुशी जाहिर की।

वंडर जोन कमेटी की बैठक आयोजित

कुशलगढ़, (निसं)। नगर पालिका परिसर में आज नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र हारी की अध्यक्षता में और तहसीलदार वीरेंद्र सिंह राठौड़ के सानिध्य में वंडर जॉन कमेटी की बैठक आयोजित हुई जिसमें कमेटी द्वारा कुछ दिन पूर्व पुलिस चौकी के समक्ष हुई दुर्घटना को लेकर वंडर जॉन कमेटी निर्णय लेकर नगरपालिका के आसपास लगी ठेला गाड़ियों को रात्रि में रोडवेज बस स्टैंड पर लगाने का निर्णय लिया गया इसको देखते हुए सब्जी विक्रेताओं को बुलाकर सब्जी विक्रेताओं को बैठक के स्थान को लेकर चयन किया गया वंडर जॉन कमेटी द्वारा सब्जी व्यापारियों को सब्जी मंडी की जगह पर वापस सब्जी मंडी लगाने का आठाह किया है कुशलगढ़ जुगनू पान भंडार से टिमेडा बस स्टैंड तक लगी ठेला गाड़ी वालों को फ्रूट विक्रेताओं की गाड़ियां रोडवेज बस स्टैंड पर लगाने का निर्णय लिया नगर पालिका से चौराहे तक और चौराहे से जलदाय विभाग तक लगी ठेला गाड़ी वालों को भी हटाने का निर्णय लिया गया वही रात्रि में पुलिस चौकी के पास से पानी पतासा और फास्ट फूड वालों की ठेला गाड़ियां रात्रि में रोडवेज बस स्टैंड पर लगाई जाएगी जिससे जगह-जगह अतिक्रमण नहीं होगा लोगों के वाहनों को आने जाने में सुविधा उपलब्ध होगी।

बाइक को आग लगाई

उदयपुर, (कासं)। शहर के सुखेर थाना क्षैत्र में सांवरिया सर्विस सेंटर बेदला रोड़ पर आए अज्ञात बदमाश ने रविवार को पेट्रोल छिडक बाइक को आग के हवाले कर दिया। पीडित सापेटिया निवासी भरत डांगी पुत्र मांगीलाल ने पुलिस को सूचना दी और प्रकरण दर्ज करवाया। आग से बाइक पूरी तक जलकर खाक हो गई।

समीक्षा बैठक आयोजित

डूंगरपुर, (निसं)। महात्मा गांधी नरेगा योजना की समीक्षा मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपेंद्र सिंह राठौड की अध्यक्षता में सोमवार को ईडीपी सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपेन्द्र सिंह राठौड ने महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत सभी सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ तकनीकी सहायक को निर्देश देते हुए कहा की कार्यों को समय पर पूर्ण करते हुए जो कार्य पूर्ण हो गए हैं उनकी पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करे। अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहे। बैठक में उन्होंने ग्राम पंचायतवार योजना के विभिन्न बिंदुओ पर समीक्षा करते हुए जियो टैगिंग, पंचशाला अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति, तीन दिन पारियोंजना के कार्यों के तकनीकी प्रस्ताव तैयार करने राजीव गांधी जल संचय के कार्यों के प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश देते हुए श्रमिक नियोजन बढाने एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में श्रमिको को जिनके 1०० दिवस पूर्ण हो गए हैं उनको अतिरिक्त 25 दिवस का रोजगार देने का आव्हान किया

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपेन्द्रसिंह राठौड ने सहायक अभियंताओं को निर्देश देते हुए प्रत्येक ब्लॉक से दो-दो अमृत सरोवर की सफलता की कहानी के आईईसी महेश जोशी के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड करवाने के साथ आजादी के अमृत महोत्सव के तहत गतिविधियों को करवाते हुए फोटो वीडियो अपलोड करने के निर्देश दिये है। उन्होने आधार सिडिंग एवं आधार बेस भुगतान, कार्य स्थल का प्रभावी निरीक्षण करने के आवश्यक निर्देश दिये है। बैठक में अधीक्षण अभियंता गणेशलाल रोत, अधिशासी अभियंता अजय भार्गव, एमआई एस भूपेंद्र चौहान, पर्यवेक्षण प्रवीण सिंह राव, आईईसी महेश जोशी आदि मौजूद रहे।

आमसभा संपन्न

राजसमंद, (निसं)। राजस्थान क्षत्रिय कुमावत युवा शक्ति समिति की आम सभा कांकरोली स्थित रावली पाटिया कुमावत समाज भवन में संपन्न हुई। बैठक में पिछले 2 वर्षों में कुमावत युवा शक्ति द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया।

इसके साथ ही कुमावत युवाशक्ति की वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह भविष्य में समाज के युवाओं के लिए किस प्रकार उपयोगी साबित होगी उसके बारें में विस्तार से बताया गया। बैठक के दौरान प्रदेश के सभी उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलाध्यक्षों को सम्मानित किया गया। जिसमें प्रथम टोंक जिलाध्यक्ष, द्वितीय जयपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष एवं तृतीय बूँदी जिलाध्यक्ष रहे। बैठक में नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव किया गया। जिसमें राजसमंद के पीपली आचार्य निवासी रतन लाल कुमावत को सर्वसम्मति से प्रदेशाध्यक्ष के पद पर चुना गया एवं युवा शक्ति के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष नवरतन कुमावत नागौर, प्रदेश पर्यवेक्षक टीकम कुमावत, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण कुमावत, नानूराम कुमावत, लादूराम कुमावत, हरीश कुमावत, नरेश कुमावत आदि मौजूद रहे।

बैठक आयोजित, कार्यकारिणी की घोषणा

उदयपुर, (कासं)। अकेडमी ऑफ वेलबिंग सोसायटी की वार्षिक बैठक सुखाड़िया सर्कल स्थित होटल आमंत्रणा में सम्पन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से 2023-25 की कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत-संरक्षक, प्रो. विजयालक्ष्मी चौहान-अध्यक्ष, डॉ. कल्पना जैन-उपाध्यक्ष, डॉ. अल्पना सिंह - सचिव, डॉ. अर्चना गोवलकर-सहसचिव, डॉ. अनिता तलेसरा-कोषाध्यक्ष, डॉ. वीनस व्यास -सांस्कृतिक सचिव, डॉ. डॉली गांधी-मीडिया सचिव, डॉ. पॉल मैथ्यू, डॉ. वर्षा शर्मा - जर्नल सम्पादक, डॉ. शिप्रा लवानिया, डॉ. अजय सिंह चौधरी, डॉ. रेखा पालीवाल, डॉ. हेमा माहेर, डॉ. सपना सेन को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया।

प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थापक अध्यक्ष प्रो. विजयालक्ष्मी चौहान ने कहा कि यह हर्ष और गर्व का विषय है कि सोसायटी के संरक्षक कर्नल प्रो. सांरगदेवोत को भूपाल नोबल्स विद्या प्रचारणी सभा का भी अध्यक्ष चुना गया। यह सारंगदेवोत जी का कुशल नेतृत्व का परिणाम है कि बीएन संस्थान में उनमें निष्ठा व्यक्त कर दायित्व सौंपा है। बैठक में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रो. रेणू राठौड़ का माला, उपरणा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि किसी भी नए दायित्व को निभाने के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन संस्थान सदस्यों द्वारा जो विश्वास मुझ पर जताया है और जिम्मेदारी सौंपी है उसे पूरी करने में कोई कसर नहीं रखूंगा। सोसायटी द्वारा जो सम्मान दिया है उसके लिए वे कृतज्ञ हैं। इस मौके पर सोसायटी सचिव डॉ.अल्पना सिंह ने वार्षिक प्रतिवेदन पेश किया एवं नई कार्यकारणी की घोषणा की। बैठक में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य व हॉल ही भूपाल नोबल्स विद्या प्रचारिणी सभा के कार्यकारी अध्यक्ष निर्वाचित होने पर नवीन कार्यकारिणी की ओर से राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत का साफा, उपरणा, बुके एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.अल्पना सिंह ने किया जबकि आभार प्रो. कल्पना जैन ने व्यक्त किया।